This Question Paper contains 20 printed pages.

Sl.No. 601800

| प्रश्नपुस्तिकानो कोड |
| --- |
| **Question Paper Booklet Code** |
| **F** |

**S/TAT/314(H)/14**

**(JULY, 2014)**

***Time : 80 Minutes]*** ***[Maximum Marks : 100***

**सूचनाएँ :-**

1) इस कसोटी में कुल 100 प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न को 1 अंक दिया गया है ।

2) तमाम कसोटी बहुविकल्प प्रकार की है । चार विकल्प में से एक विकल्प ही सही जवाब है, जिसको ध्यानपूर्वक पढ़कर और OMR Sheet में नियत जगह पर आपका जवाब सही विकल्प के सामने दिए गए वृत्त को घट्ट [●] करने की प्रार्थना है ।

3) प्रश्न पत्र के उपर की तरफ दाई ओर प्रश्न पत्र बुकलेट कोड दी गई है । उमेदवार इस कोड को OMR Sheet पर नियत जगह पर स्पष्ट अंको में व वृत्त को घट्ट बनाकर लिखना है ।

4) OMR Sheet पर दी गई प्रश्न पत्र बुकलेट कोड और प्रश्न पत्र पर दी गई कोड समान हो इसको निश्चित कर लेना चाहिए । अगर इसमें विसंगतता हो तो खंड निरीक्षक को तुरन्त इसकी जानकारी देकर OMR Sheet अथवा प्रश्न पत्र या दोनों को बदलने की जानकारी दे जिससे दोनो की कोड समान हो ।

5) उमेदवार को दिए गए प्रश्न पत्र बुकलेट कोड को हाजरीपत्रक में नियत जगह पर लिखना है ।

6) OMR Sheet पर विवरण लिखने के लिए और उत्तर देने के लिए काले/नीले बॉल पोईन्ट पेन का ही उपयोग करे ।

7) OMR Sheet पर व्हाईट फ्लूईड या करेक्शन स्याई का उपयोग करने की छूट नही है ।

1) ''विभिन्न स्थितियों में मनुष्य को उसका दायित्व याद दिलाने की कोशिश'' कक्षा–10 वीं की हिन्दी – किताब में किस लेखक ने अपने निबंध में की है?

(A) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् – मेरे नौजवान दोस्तो।

(B) हरिशंकर परसाई – कर कमल हो गए।

(C) डॉ. चन्द्रकान्त मेहता – दीया जलाना कब मना है?

(D) देवेन्द्रनाथ शर्मा – ताला।

2) सुबह में ममता अपने आपको क्यों कोस रही थी?

(A) वह अश्वारोही चोरी करके भाग गया था।

(B) उसके आसपास सैंकडों अश्वारोही घूम रहे थे।

(C) अश्वारोही ने उसकी झोपड़ी तोड़ दी थी।

(D) अश्वारोही उसे पकड़ रहे थे।

3) 'आँचलिक कथा साहित्य' के लिए कौन–से लेखक प्रसिध्द है?

(A) जगदीशचन्द्र माथुर

(B) अमृतलाल वेगड़

(C) डॉ. जयन्त नार्लीकर

(D) फणीश्वरनाथ रेणु

4) रामचरण की उद्दण्डता और अपने धैर्य की बात रामरत्न ने सुनी तो उन्हें लगा कि ..........

(A) बच्चों को प्यार करना चाहिए।

(B) बच्चों में जिद बढने नहीं देना चाहिए।

(C) बच्चों की हर बात माननी चाहिए।

(D) बच्चों पर हमेशा निगरानी रखनी चाहिए।

5) नौ जवान दोस्तों के लिए 'मेरे नौजवान दोस्तों' निबंध में क्या संदेश है?

(A) संघर्षपूर्ण जीवन के लिए तैयार रहे।

(B) अपने आप को अधिक अर्थ-प्राप्ति के लिए तैयार करें।

(C) सदा आगे बढ़ते रहे।

(D) शिक्षा जीवन का अनिवार्य तत्व है।

6) 'भारत यहाँ से बहुत दूर है' इस बात की पुष्टि कलिंग के बुध्दिमान लोगो ने किस तरह की? इसका सही उत्तर निम्नलिखत विकल्पों में से बताईए।

(a) बीज से पेड़ बनकर फले-फल दिखाकर।

(b) आधे से अधिक आदमी रास्ते में ही मर गए।

(c) अपने सफेद बाल दिखाकर।

(d) अपने बच्चों को दिखाकर।

(A) a और d दोनों सही

(B) b और c दोनों सही

(C) a, b और c तीनों सही

(D) a, b, c, और d चारों सही

7) महादेवी का मन आज भी किस बात की स्मृति मात्र से सिहर उठता था।

(A) गौरा के मृत्य से संघर्ष को यादकर

(B) गौरा को लगनेवाली शक्ति के इंजक्शन को यादकर

(C) लालमणि को दूसरी गाय का दूध पिलाया जाता था, जो रुचता नही था यह याद कर

(D) A, B और C तीनों

8) कलिंग के राजा का युध्द की स्थिति के बारे में क्या मत था?

(A) चीनी सेना का आक्रमण सबसे पहले उन्हीं पर होना था।

(B) भारत के सभी राजाओं को एकत्रित होना चाहिए।

(C) युध्द हमेशा सैनिक बल से नहीं जीते जाते।

(D) सैनिकों को आदेश दे दिया था कि चारों ओर मारकाट करते हुए चले जाएँ।

9) निम्नलिखित वाक्यों में से अशुध्द वाक्य बताईए।

(A) यह बहुत मुश्किल सवाल है।

(B) ममता में सद्गुण एक बहुत बड़ा है।

(C) रामचरण ने उनकी ओर देखा और कहा।

(D) मैं कहाँ जा रहा हूँ, कितनी देर में लौटूँगा।

10) विधान पूर्ति कीजिए।

चैडविक ने मुर्ताशवी को बहुत–कुछ समझाया कि ............

(A) गोली से मारने में अपनी जान का भी खतरा है।

(B) मगर के साथ दुश्मनी की भावना अच्छी नहीं है।

(C) खंजर की अपेक्षा गोली कहीं अधिक कारगर है।

(D) झील के गहरे पानी में मगर को मारना असंभव है।

11) एक भाषा शिक्षक को 8 वीं कक्षा के पाठ्य पुस्तक के चयन की जिम्मेदारी दी गई, तो वह किन तत्वों को ध्यान में रखकर पाठ्य – पुस्तक का चयन करेगा :

(1) जटिल पाठ, सरल पाठ, व्याकरण पाठ

(2) व्याकरण पाठ, जटिल पाठ, सरल पाठ

(3) सरल पाठ, जटिल पाठ, व्याकरण पाठ

(4) जटिल पाठ, व्याकरण पाठ, सरल पाठ

(A) केवल क्रम संख्या एक को ध्यान में रखकर

(B) केवल क्रम संख्या तीन एवं चार को ध्यान में रखकर

(C) केवल क्रम संख्या तीन को ध्यान में रखकर

(D) उपर्युक्त में से किसी को भी नहीं।

12) शिक्षण में द्वितीय भाषा के उद्देश्य निम्न पर आधारित होते हैं :

(1) छात्र भाषा को मौखिक रुप से सुनकर समझ सके।

(2) छात्र सही रुप से बोल सकें।

(3) छात्र भाषा को लिख सके।

(4) छात्र भाषा में महारथ हासिल करने में सक्षम होगा।

(A) केवल प्रथम एवं द्वितीय विकल्प सही है।

(B) केवल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सही है।

(C) केवल चतुर्थ सही है।

(D) उपर्युक्त सभी पर।

13) अक्टूबर 1952 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन किया गया उस समय इस आयोग की अध्यक्षता की थी :

(A) डॉ. पुरुषोत्तमदास
(B) डॉ. राजेन्द्रप्रसाद
(C) डॉ. लक्ष्मणस्वामी मुदलियार
(D) इनमें से किसी ने नहीं।

14) भाषा शिक्षक अगर अपने शिक्षण के समय संभाषण एवं संवाद को जगह देता है तो वह छात्रों में किस गुण को विकसित करने में सक्षम होगा?

(A) धैर्य एवं आत्मविश्वास
(B) वाककला
(C) A और B दोनों को
(D) इनमें से एक भी नही

15) 19 वीं शताब्दी में प्रत्यक्ष विधि द्वारा भाषा का शिक्षण आरंभ हुआ –

(A) एशिया में
(B) यूरोप में
(C) भारत में
(D) दक्षिण अफ्रीका में

16) छठी कक्षा में एक भाषा शिक्षक ने बच्चों को चित्र दिखाना शुरु किया, और उससे संबंधित शब्द उन्हें लिखने का निर्देश भी दिया, इस प्रकार यहां पर शिक्षक ने किस विधि का अनुपालन किया –

(A) साहचर्य विधि
(B) अनुकरण विधि
(C) कहानी विधि
(D) उपर्युक्त सभी

17) निम्न में से प्रसिध्द शिक्षा शास्त्री 'फ्रोबेल' का मत कौन सा है?

(A) लेखन एवं वाचन दोनों को साथ साथ बताया।
(B) इन्होंने पहले वाचन एवं तत्पश्चात् लेखन बताया।
(C) लेखन प्रथम फिर वाचन पर जोर दिया।
(D) इनमें से एक भी नहीं।

18) 'सुलेखन व्यक्ति की शिक्षा का एक आवश्यक पहलू है' – यह कथन है :

(A) जवाहरलाल नेहरु का
(B) बाबा आंबेडकर का
(C) गांधीजी का
(D) गिजूभाई बधेका का

19) एक भाषा शिक्षक ने विद्यार्थियों को रामायण के बारे में जानकारी दी तथा भगवान राम के आदर्शों को मुख्य केन्द्रित किया तो बच्चों में निम्न गुण का विकास संभव हुआ :

(A) कल्पनाशक्ति का
(B) नैतिकता का
(C) साहित्य अनुराग का
(D) किसी का भी नहीं

20) इनमें से किस शिक्षाविद ने भाषा शिक्षण के साथ–साथ विद्यालय के वातावरण की ओर भी ध्यान केन्द्रित किया :

(A) गांधी जी ने
(B) मदर टेरेसा ने
(C) रायबर्न ने
(D) किसी ने नहीं।

21) गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर ने 'शान्ति निकेतन की स्थापना' निम्न में से किसको ध्यान में रखकर किया:

(A) प्रकृति द्वारा ज्ञानार्जन
(B) पुस्तक द्वारा ज्ञानार्जन
(C) शिक्षक द्वारा ज्ञानार्जन
(D) शिक्षण–साधनों द्वारा ज्ञानार्जन

22) एक भाषा शिक्षक ने निरिक्षण किया कि उसके विद्यालय के छात्रों में भाषा का विकास समुचित ढग से नहीं है, इसके लिए उसने भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय लिया, इस दौरान उस शिक्षक के विचार में भाषा के प्रति कौन से तत्व मौजूद होंगे :

(1) उच्चारण की योग्यता और मौखिक गुणवत्ता को सुधारना।
(2) श्रवण की योग्यता का विकास करना
(3) शब्द ज्ञान का विकास करना
(4) लेखन की योग्यता का विकास करना

(A) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय।
(B) केवल प्रथम एवं द्वितीय
(C) केवल तृतीय एवं चतुर्थ
(D) उपर्युक्त सभी।

23) एक भाषा शिक्षक गद्य पाठन के समय भाषा शिक्षण के किन लक्ष्यभूत कौशल का प्रयोग करता है:

(A) पठन एवं उच्चारण
(B) श्रवण एवं लेखन
(C) लेखन एवं पठन
(D) उपर्युक्त सभी

24) ब्लूम्स ने कक्षा में विद्यार्थियों के व्यवहार में आए परिवर्तन को मूल्यांकित करने के मुख्य घटक माने हैं :

(A) ज्ञानात्मक (B) भावात्मक

(C) A एवं B दोनों को (D) इनमें से किसी को नहीं।

25) एक शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व होता है

'विद्यार्थियों को अन्तर्निहित ज्ञान की खोज के लिए प्रेरित करना' – यह कथन है –

(A) स्वामी रामानंद का

(B) स्वामी दयानंद का

(C) अरविंद स्वामी का

(D) स्वामी विवेकानंद का

26) भाषा शिक्षक ने कक्षा 9 में रवि, दिनेश आदित्य एवं भाष्कर नाम के लड़कों को एक साथ खड़े होने का आदेश दिया तो वह छात्रों को किस जानकारी से अवगत कराना चाहेगा।

(A) समानार्थी (B) विरुध्दार्थी

(C) अनेकार्थी (D) उपसर्ग एवं प्रत्यय

27) निम्नलिखित में से कौन सा कथन बच्चों में भाषा के विकास के लिए उचित साबित होता है :

(A) भाषा का विकास केवल परिवार में होता है।

(B) भाषा का विकास परिवार और परिवेश के सान्निध्य से होता है।

(C) भाषा, बच्चा माँ के गर्भ से सीखकर आता है।

(D) भाषा का विकास बच्चे में स्वयं ही विकसित होता है।

28) शिक्षा प्रणाली में वाचन को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है क्यों कि :

(A) बच्चा अपनी बात को प्रभावपूर्ण व्यक्त कर सकता है।

(B) बच्चा प्रतिष्ठा अर्जित करता है।

(C) उसमें आत्मविश्वास एवं उसके व्यक्तित्व में निखार आता है।

(D) उपर्युक्त सभी।

29) मौखिक भाषा का सही ज्ञान बच्चों के निम्न विकास में सहायक हैं :

(A) आदर्श सम्भाषण के गुण में

(B) सामाजिकता के गुण में।

(C) वाक् पटुता में

(D) लगभग सभी में।

30) निम्न में से मैकाले ने भाषा शिक्षण के लिए किस तथ्य को स्वीकार किया है?

(A) केवल मौखिक भाषा ज्ञान को

(B) बोलने से पहले व्याकरण ज्ञान को

(C) किसी भी भाषा का पण्डित वही हो सकता है जिसने पहले भाषा और बाद में व्याकरण सीखा हो।

(D) इनमें से किसी को नहीं।

31) कबीर की वाणी का संग्रह 'बीजक' के तीन भाग कौन से हैं? सही विकल्प बताईए।

(A) साखी – सबद – कविता

(B) साखी – दोहे – सबद

(C) साखी – सबद – रमैनी

(D) साखी – भजन – गीत

32) 'रजनीबाला' कविता में कवि ने प्रकृति का मानवीकरण करते हुए तारों को किस रुप में चित्रित किया है?

(A) आभूषण के रुप में

(B) संगीत के रुप में

(C) शोभा के रुप में

(D) अंधकार के रुप में

33) निम्नलिखित कविताओं में से कौनसी कविताओं में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है?

(A) दूर आ गया

(B) रजनीबाला

(C) मेड पर इस खेत की बैठा अकेला

(D) B और C दोनों

34) 'ठुकरादो या प्यार करो' काव्य के अनुसार कवयित्री किस प्रकार भगवान को प्राप्त करना चाहती है?

(A) स्वर – माधुर्यभाव से

(B) दान दक्षिणा देकर

(C) मूल्यवान भेट या पूजन सामग्री से

(D) पवित्र हृदय और आत्मसमर्पण भाव के द्वारा।

35) नायिका के घर के आसपास तो केवल तिथि-पत्र द्वारा ही तिथि का ज्ञान संभव है, क्योंकि ............... (सही विकल्प बताईए)

(A) वहाँ तो उसके मुख की कालिमा से सदैव अमावस्या होती है।

(B) वहाँ तो उसके मुख की कान्ति से सदैव पूर्णमासी बनी रहती है।

(C) वहाँ तिथि जानने का और कोई साधन है ही नहीं।

(D) वहाँ दिन-रात का पता नहीं चलता।

36) कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने 'भिक्षुक' काव्य में भिक्षुक को किसकी तरह परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देनेवाला ढाढस बँधाया है?

(A) युधिष्ठिर (B) भीम

(C) अर्जुन (D) अभिमन्यु

37) ताज किसका प्रतीक है?

(A) मृत आदर्शों का

(B) संगीत का

(C) पूजन का

(D) सेवा का

38) धरती को वसुन्धरा क्यों कहते है?

(A) धरती पर लोग निवास करते है।

(B) धरती पर फसलें पैदा होती है।

(C) धरतीमाता की कोख में अमूल्य नीधियाँ भरी है।

(D) धरती का निर्माण देवो ने किया है।

39) बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से प्रार्थना की थी कि –'इस घटना को किसी के सामने प्रकट न करना' क्योंकि ..............

(A) बाबा भारती मानते थे कि इस घटना की हास्यास्पंद चर्चा होगी?

(B) बाबा भारती मानते थे कि लोगों को यदि इस घटना का पता लग गया तो वे किसी दीन–दु:खी पर विश्वास न करेंगे।

(C) बाबा भारती मानते थे कि लोग उनका तिरस्कार करेंगे।

(D) बाबा भारती इस घटना को भूल जाना चाहते थे।

40) 'कलम और तलवार काव्य के आधार पर काव्य पंक्तियों की उचित जोड उनके नीचे दिए हुए विकल्पों में से बताईए।'

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अन्ध–कक्ष में बैठ रचोगे, | (1) | बाहर जा मैदान? |
| (b) | या तलवार पकडकर जीतोगे? | (2) | करोगे घरकी भी रखवाली। |
| (c) | जला ज्ञान का दीप | (3) | उँचे मीठे गान |
| (d) | अथवा उठा कृपाण | (4) | सिर्फ फैलाओगे उजियाली। |

(A) a-2, b-4, c-1, d-3

(B) a-4, b-3, c-2, d-1

(C) a-3, b-1, c-4, d-2

(D) a-1, b-2, c-3, d-4

41) 'पथ की पहचान' काव्य में कवि पथ पर चलने के पहले क्या करना चाहते है?

(A) पथ के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहते है।

(B) पथ को छोड देना चाहते है।

(C) दूसरे मार्ग पर चलना चाहता है।

(D) पथ पर चलना नही चाहते।

42) महात्मा कन्फ्यूशश के अनुसार –'अधिक समय वही जीता है ............

(A) जो कटु सत्य बोलता हैं।

(B) जो वाक्चतुर होता है।

(C) जो नम्र होता है, जिसमें लचिलापन है।

(D) जो कठोर वाणी बोलता है।

43) अफ्रीका की असभ्य और कायर कही गई मसुबिया जाति के लोगों की विशेषताए क्या है? गलत विकल्प बताइए।

(A) अपने पोषण के लिए खंजर और भाले चलाने में प्रवीण है।

(B) यह जाति अपनी भीरुता के लिए बदनाम है।

(C) वह दूसरो की रोटी छीनते है।

(D) वह जंगल में स्वच्छंदता से विहार करते हैं।

44) 'लातो के भूत बातो से नहीं मानते' कहावत का सही विकल्प बताइए।

(A) मार खाने की आदतवाले मार खाना अच्छा मानते है।

(B) बूरे लोग मार खाकर ही मानते है।

(C) जिन्हें मार खाना ही अच्छा लगे उन्हें उपदेश व्यर्थ लगते है।

(D) मार खाकर ही सही गलत का अंदाज लगाता है।

45) निम्नलिखित वाक्यों में से अशुध्द वाक्य प्रयोगवाला विकल्प बताईए।

(A) लोग गंगा नदी को पवित्र मानते है।

(B) मेरा घर तुमसे अच्छा है।

(C) अनील और सुनील स्कूल गए।

(D) राजेश की कमीज नीरव की कमीज से अच्छी है।

46) निम्नलिखित दो वाक्यो को जोडने वाला सही संयोजक का विकल्प बताईए।

चीन के राजा ने अपने सैनिको को आदेश दिया था। चारो ओर मारकाट करते हुए बढते चले जाएँ।।

(A) और (B) कि

(C) लेकिन (D) पर

47) बापू ने हवाई जहाज से सफर नहीं किया, क्योंकि ............. 'बापू के संस्मरण' पाठ के आधार पर सही विकल्प बताईए।

(A) बापू को बिहार में रुकना जरुरी था।

(B) उन्हें रेल-गाड़ी का सफर ज्यादा पसंद था।

(C) इस सवारी में करोड़ो गरीब लोग सफ़र नहीं कर सकते।

(D) बापू को हवाई जहाज का सफ़र पसंद नही था।

48) 'ध्रुवस्वस्वामिनी' नाट्यांश के आधार पर पात्रों की सही उक्ति के लिए योग्य विकल्प बताइए।

| 'पात्र' | | 'उक्ति' | |
|---|---|---|---|
| (a) | मंदाकिनी | (1) | विवाह का धर्म शास्त्र से घनिष्ठ संबंध है। |
| (b) | चंद्गुप्त | (2) | बीती हुई बातो को भूल जाने में ही भलाई है। |
| (c) | पुरोहित | (3) | अबला पर ऐसा अत्याचार |
| (d) | शिखर स्वामी | (4) | मैं अभियुक्त हूँ। |

(A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2

(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

49) 'मधुपर्व' पाठके आधार पर वाक्य पूर्ति के लिए सही विकल्प बताईए।

– महासेनापति ने वायु में उत्तरीय हिलाकर --

(A) छः युवको को प्रस्थान दिया।

(B) युध्धारंभ का संकेत दिया।

(C) जनसमुह को अनुशासन में रहने का आदेश दिया।

(D) संतोष और अनुमति प्रकट की।

50) अपनी पारिवारिक संमान्नत्ता का उपयोग विक्रम साराभाई ने किस कार्य में किया? पाठ के आधार पर सहीं विकल्प बताइए।

(A) दरिद्र नारायण की सेवा के लिए किया।

(B) देश के विकास के लिए किया।

(C) अपनी भौतिक सुविधा के लिए किया।

(D) साहित्य के विकास के लिए किया।

51) रुढिवादी शक्तियाँ समाज की प्रगति की दौड में बाधा डालने के लिए संगठित न हो सके इसके लिए ...............

(A) मनुष्य जातिकी आत्मा स्थायी तौर पर ओतप्रोत रहनी चाहिये।

(B) पुरानी व्यवस्था बदलनी चाहिये।

(C) नई व्यवस्था करनी चाहिये।

(D) क्रान्ति भावना निकाल देनी चाहिये।

52) कौन हरदम हसती रहती है?

(A) नदी
(B) कली
(C) मिट्टी
(D) बगिया

53) अपने खेत में तैयार धान देखकर मेहनतकश इंसान किसको निमंत्रण देता है?

(A) अपने मित्रोंको
(B) जरुरतमंदो को
(C) बादल को
(D) सूरज को

54) 'नदी बहती रहें' निबंध कौन से निबंध संग्रह में से लिया गया है?

(A) मानव के मूल में
(B) साहित्य: पहचान और पहुँच
(C) वन पाहुन
(D) बात बात में

55) प्राचीन भारत का एक लोकनायक

(A) वशिष्ठ
(B) चंद्रगुप्त
(C) अशोक
(D) भरत

56) 'दत्ता कोमेट' की खोज से प्रसिध्दि मिलने के बाद दत्ताजी के मुँह से निकला। अच्छा होता मैंने यह खोज न की होती? क्यों?

(A) उन्हें कई बेतरतीब प्रश्न पूछे जाते थे।
(B) विभिन्न देशोंके संस्थानो ने उन्हें मान्य नहीं किया था।
(C) समारोह करके उन्हें सम्मानित किया जाता था।
(D) घर पर मिलने वालों ने उन्हें अंधविश्वासी कहा।

57) विदेश से काफी सम्मान और प्रशंसा प्राप्त कर लौटें दत्तादा को इन्द्राणी देवी ने यज्ञ के आयोजन की बात बताई तो दत्तादा फूट पडे।

(A) तुम अंध विश्वासी हो।
(B) ग्रह, नक्षत्र, तारों के बारे में अनभिज्ञ हो।
(C) कोमेट के परिपथ, गति, आकार की जानकारी पृथ्वी पर बैठे-बैठे नहीं हो सकती।
(D) पुच्छल तारा सौरमंडल में आने से पृथ्वी पर विपत्ति आ सकती है।

58) सही विकल्प बताईये।

आश्रय कहानी दो पीढी के अंतराल को व्यक्त करती है।

(A) भौतिकता की दौड में खून के रिश्तों को भी नजर अंदाज किया जाता है।

(B) दो संस्कृतियों का आपसी टकराव स्पष्ट होता है।

(C) दो पीढी के विचारों का समन्वय हुआ है।

(D) दो पीढी के विचारों का टकराव स्पष्ट होता है।

59) चलते समय आस पास का दृश्य देखकर वेगडजी को आश्चर्य होता है .......... क्योंकि

(A) यहाँ प्रकृति के लय को मनुष्य ने तोडा नहीं है।

(B) नर्मदा को निजी संपत्ति मानकर उसमें कारखानों की गंदकी बहाई है।

(C) इतने वर्षो के बाद इस इलाके में विकृत आ गयी है।

(D) नर्मदा अपने स्वच्छ जल को अपने मूल तत्व को सुरक्षित नहीं रख सकी है।

60) नगरीय सभ्यता लोक संस्कृति को लगातार पीछे ढकेल रही है। महानगरों की सभ्यता में एसी भयानक शक्ति है कि ...........

(A) यह सबको अलग कर देती है।

(B) विविधता में एकता लाती है।

(C) विविधता खत्म कर देती है।

(D) सब में आत्मीयता लाती है।

61) राधिका की कोकिल सम मधुरवाणी सुनते ही कृष्ण ने .............

(A) रिस बिसराई डाली।

(B) माता से झगडा करने लगा।

(C) कृष्ण शरमा गया।

(D) कृष्ण राधिका के साथ झगडा करने लगे।

62) 'ताज' काव्य के द्वारा कविने दलित पीडित मानवों की अवहेलना के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त कर के कवि ने ..........

(A) जीवन के संदेश का स्वीकार किया है।

(B) जीवन के संदेश की अवहेलना की है।

(C) जीवन के शाश्वत संदेश को भूल जानेवाले लोगों पर करारा व्यंग्य किया है।

(D) जीवन का शाश्वत संदेश दिया है।

63) जहाँ लोग निर्भयतारुपी कवच से सुरक्षित हैं, वहाँ हाथ में तलवार न होने पर भी ........

(A) भयभीत हैं
(B) निश्चित हैं
(C) निर्भय हैं
(D) सुरक्षित हैं

64) सांस्कृतिक दृष्टि से मीरां किसे जोडने वाली कड़ी है?

(A) गोकुल एवं वृंदावन
(B) गोकुल एवं मथुरा
(C) गुजरात एवं राजस्थान
(D) गुजरात एवं मथुरा

65) राष्ट्रीय और आंतरराष्ट्रीय विकलांगो की प्रतियोगिताओं में स्वर्णपदक, रजतपदक, काँस्यपदक और सम्मान पाकर अपनी फौलादी इच्छा शक्ति के जीवंत उदाहरण बने जाँबाज सैनिक का नाम बताईये।

(A) मुरलीकांत पेठकर
(B) अब्दुल हमीद
(C) मेजर ध्यानचंद
(D) मेजर तिवारी

66) 'तूलिका' शब्द के लिए उचित शब्द समूह लिखिए।

(A) तुला राशिवाली कन्या
(B) एक प्रकार की लिखने की कलम
(C) चित्र में रंग भरने की कूँची
(D) वजन नापने की मशीन

67) कवि मानव से कहता है कि तेरी .......... में देश का उत्थान मुस्कुराता है।

(A) सेहत
(B) मेहनत
(C) इज्जत
(D) इमान

68) 'तैराकी' शब्द के लिए योग्य शब्दसमूह बताइये

(A) तैरने की प्रतियोगिता
(B) तैरने का प्रशिक्षण देनेवाली महिला
(C) तैरने की पध्दति
(D) तैरने का प्रशिक्षण देनेवाली संस्था

69) संत रैदासजी राम के अनन्य भक्त होने पर भी राम की पूजा क्यों नही कर सकते?

(A) उन के पास फलफूल नही है।
(B) उत्तम पूजा सामग्री नहीं है।
(C) पवित्र जल नहीं है।
(D) वे मन ही को पूजा अर्चना मानते हैं।

70) स्वतंत्र विचारधारा के कवि अखा राम को कैसे प्रकार परख पाते हैं?

(A) कंठी माला से
(B) आपा मेटकर
(C) थापा थाप कर
(D) अंतर्चक्षुओं से

71) कविश्री मैथिली शरणगुप्तजीने भारतीय संस्कृतिको विश्व में श्रेष्ठ बताया है क्योंकि
(A) भारत ऋषि-मुनियों की पावन भूमि है।
(B) विद्या और कलाकी दृष्टि से श्रेष्ठ है।
(C) मनोहर हिमालय जैसा गिरि और पवित्र गंगाजल है।
(D) अतीत के प्रति श्रध्दा और वर्तमान के प्रति उदारता है।

72) प्रेम दीवानी मीरा का दर्द कौन दूर कर शकता है?
(A) घायल
(B) वैद
(C) जादूगर
(D) मित्र

73) मिट्टी उतनी ही भोली है जितनी की ...........
(A) बच्चों की मुस्कान
(B) बच्चों की गुड़िया
(C) बच्चों की किलकारी
(D) बच्चों की हंसी

74) मानवता के मापदंड क्या है?
(A) त्याग और दान
(B) गांधीजी के सिध्दांत
(C) भगत सिंह के विचार
(D) स्नेह और बलिदान

75) कवि रामदरशजी बुलाने वाले की आवाज समझ नही पाते क्योंकि ...........
(A) वह ऊँचा सुनते हैं।
(B) वह बहुत दूर से आती है।
(C) आस पास बहुत शोर हो रहा था।
(D) उनके लिए बिलकुल अनजाना है।

76) कौन टूटे पहिये का आश्रय लेगा
(A) शांति
(B) मानवता
(C) न्यायप्रियता
(D) सच्चाई

77) विद्याधर के लिए कौनसी कहावत उचित थी?
(A) काला अक्षर भैंस बराबर
(B) नाच न जाने आँगन टेढा
(C) ऊँची दुकान फीका पकवान
(D) नाम बडे और दर्शन छोटे

78) कवि 'नीरज' जी का आराध्य देव कौन है?
(A) प्रकृति
(B) कृष्ण
(C) राम
(D) आदमी

79) कवि रामदरश मिश्रजी को दूर ही दूर से कौन बुला रहा है?
(A) उनके मित्र
(B) प्रकृति के रहस्य
(C) उनके मृत पूर्वज
(D) आकाश के तारे

80) मकान केवल मिट्टी–पत्थर का ढेर नही होता, उसमें ............ बसती है।
(A) आत्मा
(B) जीवजंतु
(C) मानव
(D) परिवार

81) लक्ष्मण राम के माथे पर क्या नहीं देख सकता?
(A) साधारण मुकुट
(B) सूर्यास्त की लाली
(C) पसीने की बुंदे
(D) चिन्ता की रेखा

82) कवि रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' जी बुढापे की रग रग में क्या भर देना चाहते हैं?
(A) जानदार सपने
(B) मस्ती–तुफान
(C) जवानी का खून
(D) जिंदगी की आग

83) रसखानि की समाधि पर किसका पता नहीं था?
(A) शिला लेख
(B) प्रतिमा
(C) दर्शकों
(D) हरियाली

84) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्‌जी इश्वर से क्या प्रार्थना करते हैं?
(A) भोग–विलास से नौजवानों की रक्षा करें
(B) फैशन परस्ती से रक्षा करें
(C) नैराश्य एवं नास्तिकता से रक्षा करें
(D) पश्चिमी सभ्यता से रक्षा करे

85) जग का कारोबार .......... इंसान के पाँवो पर खडा है।
(A) पढे लिखे
(B) चौकस
(C) बहादूर
(D) मेहनतकश

86) उपनिषद का वचन है कि ब्रह्म को सृष्टि रचने का सामर्थ्य .......... से मिलता है।
(A) तप की शक्ति से
(B) इश्वर की भक्ति से
(C) अहंकार की मुक्ति से
(D) अपनी युक्ति से

87) परसाईजी कहते हैं विद्रोही पीढी का उद्‌घाटन समारोह नहीं ........... समारोह होना चाहिये।
(A) संगठन
(B) विघटन
(C) उद्‌बोधन
(D) विस्फोटन

88) लक्ष्मण दूसरी बार क्या कर सकता है?

(A) स्वर्ग का निर्माण

(B) शिव धनुष की रचना

(C) सागर का मंथन

(D) लंका पहूँचने का मार्ग

89) रामरत्न ने एन्ट्रेंस में कौन सी कहानी पढी थी?

(A) होम स्वीट होम

(B) माय होम

(C) हेपी होम

(D) होम कमिंग

90) रोग की सबसे अच्छी औषधि क्या है?

(A) गरम पानी

(B) तुलसी

(C) नीम की पत्ती का रस

(D) निराहार

91) अपने खेतों में पके धान को कवि ने किसके समान बताया है?

(A) प्राणों के समान

(B) बुर्जुगों के समान

(C) स्वजनों के समान

(D) मित्रों के समान

92) 'पछुवा' शब्द के लिए उचित शब्द समूह बताईए।

(A) जिसे किसीने पीछे से स्पर्श किया हो।

(B) पश्चिम की ओर चलने वाली हवा।

(C) किसी के पीछे-पीछे चलनेवाला।

(D) स्त्रियों के पाँव में पहना जानेवाला आभूषण।

93) निम्नलिखित अर्थ के अनुसार कहावत बताईए।

''प्रतिकूल परिस्थिति का सामना हिम्मत-
और सूझ-बूझ से करना चाहिए।''

(A) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(B) विपति कसौटी जे खरे तेई साचे मीत।

(C) है अँधेरी रात पर दीपक जलाना कब मना है।

(D) ते ते पाँव पसारिए जेती लांबी सौर।

94) 'थाह लेना' मुहावरें का सही अर्थ बताईए।

(A) किसी के मन की बात जानना।

(B) बाँह पकड़ना।

(C) गहराई का पता लगाना।

(D) राहत की साँस भरना।

95) निम्नलिखित संधिओं में से गलत संधि समूह बताइए।

(A) पुर:+कार = पुरस्कार, सती+ईश = सतीश,
गिरि+ईश = गिरीश, अति+उष्ण = अत्युष्ण

(B) वसुधा+एव = वसुधैव, दै+इनी = दायिनी,
नि:+धन = निर्धन, सर:+ज = सरोज

(C) दाव+अनल = दावानल, तप:+वन = तपोवन
उप्+ईक्षा = उपेक्षा, अह:+निश = अहर्निश।

(D) पौ+अक = पावक, भो+अन = भवन
सम्+चय = संचय, शश+अंक = शशांक

96) निम्नलिखित समास के प्रकार एवं उनके सामासिक शब्दों मे से गलत सामासिक शब्दजूथ बताइए।

(A) कर्मधारय – परमाणु, सज्जन, परमेश्वर।

(B) अपादान तत्पुरुष – राजद्रोह, पददलित, रसभरा।

(C) बहुव्रीहि – सबल, निर्जन, सचेत।

(D) संप्रदान तत्पुरुष – स्नानघर, गौशाला, रंगमंच

97) वर्तनी को ध्यान में रखकर अशुध्द वर्तनीवाला शब्द समूह बताइए।

(A) रुची, दुरी, बज़ार।
(B) गौण, पैतृक, बीमार।
(C) पुष्टि, निष्कपट, इसीलिए।
(D) वीरगति, सीमित, निगरानी।

98) निम्नलिखित वाक्यों में से संदेहवाचक वाक्य बताइए।

(A) मुरली कभी पीछे नहीं हटा।

(B) इस अंधकार मे रहना पड़ेगा।

(C) शायद समाचार दिल दहलाने वाला हो।

(D) दुश्मन की फौजी ताकात बहुत ज्यादा थी।

99) निम्न लिखित वाक्य का विकल्पों में से सही विकल्प बताइए।
''उन लोगों के जाने का उपक्रम होने पर ममता ने सुना।''

(A) सरल वाक्य
(B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्रवाक्य
(D) मिश्र और संयुक्त

100) रामरत्न की बातों का बालक रामचरण क्यों उत्तर नहीं देता था?

(A) पिता की बातें वह समझ नहीं सकता था।

(B) लापरवाही की वजह से आदत पड़ गई थी।

(C) नीतिवाक्यों की सीख थी– बड़ो के सामने उत्तर नहीं देना।

(D) पिता को जवाब देना उसे अच्छा नहीं लगता था।